प्रादेशिक समाचार
04.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का दिया जवाब, कहा– राष्ट्रपति का अभिभाषण विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने और जन सामान्य को प्रेरित करने वाला है।

2. मुख्यमंत्री ने दोहराया–सरकार एक लाख छतीस हजार करोड़ रुपये बकाया के भुगतान के लिए कानूनी लड़ाई लड़ने को तैयार, भाजपा ने जैक अध्यक्ष का पद खाली रहने पर सरकार पर साधा निशाना।

3. जमशेदपुर के महिला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल सह कुलाधिपति, कहा– राज्य के विश्वविद्यालयों में रिक्त पड़े कुलपति के पद शीघ्र भरे जायेंगे।

4. विश्व कैंसर दिवस पर रांची समेत राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन, स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा– राज्य में प्रतिबंधित होंगे तंबाकू और पान मसाला।

5. 38वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड की दीपिका कुमारी ने तीरंदाजी की महिला रिकर्व के फाइनल में किया प्रवेश, कोमलिका बारी कांस्य पदक के लिए लगायेंगी निशाना।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष को संसद के भीतर गरीबों की बातें बोरिंग लगती है। श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण विकसित भारत के संकल्प को मजबूत बनाने वाला और जन सामान्य को प्रेरित करने वाला है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दोहराया है कि राज्य सरकार केन्द्र पर एक लाख छतीस हजार करोड़ रुपये बकाये के भुगतान के लिए कानूनी लड़ाई लड़ने को तैयार है। धनबाद में झामुमो के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड अपना अधिकार लेना जानता है। उन्होंने कहा कि जरुरत पड़ी तो इस मामले पर कानूनी लड़ाई लड़ी जायेगी और राज्य से कोयले की आपूर्ति भी बंद की जायेगी।

*******************

भारतीय जनता पार्टी ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर फिर निशाना साधा है। बोकारो में पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि अंचल से लेकर जिला स्तर पर बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जैक अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति को लेकर भी सरकार तोल मोल कर रही है।

*******************

राज्यपाल और कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपति के खाली पदों को शीघ्र ही भरा जायेगा। वे जमशेदपुर में महिला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा के स्तर में सुधार के पहल की जा रही है।

*******************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आज रांची स्थित कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में जनता दरबार लगाकर जन समस्याओं के निदान की कोशिश की। विभिन्न राज्यों से आये लोगों ने मंत्री के समक्ष कई समस्याएं रखीं। मंत्री ने ऑन स्पॉट कई समस्याओं का निष्पादन किया। मौके पर कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर प्रतिबद्ध है।

*******************

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा है कि राज्य में बहुत जल्द तंबाकू और पान मसाला पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जायेगा। डा. अंसारी विश्व कैंसर दिवस के मौके पर आज रांची में एनपी–एनसीपी के तहत आयोजित सामान्य कैंसर के व्यापक स्क्रीनिंग कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तंबाकू की लत से युवाओं को मुक्त करके झारखंड को स्वस्थ युवाओं का प्रदेश बनाना है।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। लातेहार जिले में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के दो सदस्यों ने आज पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमांडेंट याद राम बुनकर की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि राज्य सरकार के पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर इन उग्रवादियों ने समर्पण किया है।

*******************

अफीम की खेती के खिलाफ रांची पुलिस की कार्रवाई जारी है। अबतक एक हजार एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट किया जा चुका है। लोगों को इसके प्रति जागरुक करने के उदेश्य से आज रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने जागरुकता रथ रवाना किया। मौके पर एसडीओ रांची और सिटी एसपी भी मौजूद रहे। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में एसएसपी ने कहा कि अफीम की खेती के खिलाफ ग्रामीणों के बीच जागरूकता लाना जरूरी है।

*******************

इधर, अवैध अफीम की खेती करने के मामले में खूंटी पुलिस ने जिले के चार अलग–अलग थानों से 11 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने आज प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। एसपी ने कहा कि यह अभियान जिले के अफीम मुक्त होने तक जारी रहेगा।

*******************

उतराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड की दीपिका कुमारी ने तीरंदाजी के महिला रिकर्व के फाइनल में प्रवे□ा कर लिया है। इसके साथ ही दीपिका ने अपने नाम पदक पक्का कर लिया है। वहीं, झारखंड की कोमलिका बारी कांस्य पदक के लिए निशाना लगायेंगी।

*******समाप्त*******